**समाचार**

**अंगीकार –2025 अभियान**

# प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी का संकल्प है कि देश का कोई भी व्यक्ति आवासहीन न रहें – महापौर

**(प्रधानमंत्री आवास योजना–शहरी 2.0 के एक वर्ष पूर्ण होने पर मनाया गया आवास दिवस)**

**(महापौर श्रीमती संजूदेवी राजपूत एवं आयुक्त श्री आशुतोष पाण्डेय ने हितग्राहियों को प्रदान किया आवासगृहों की चाबी, भवन अनुज्ञा पत्र, अंतिम किश्त राशि के चेक एवं आवास आबंटन सूचना पत्र)**




कोरबा 17 सितम्बर 2025 –महापौर श्रीमती संजूदेवी राजपूत ने प्रधानमंत्री आवास योजना–यू आवास दिवस के अवसर पर आज कहा कि भारत के यशस्वी प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी का यह संकल्प है कि देश का कोई भी व्यक्ति आवासहीन न रहें, सभी नागरिकों को रहने हेतु पक्के व सुविधायुक्त मकान उपलब्ध हों, इसी के तहत प्रधानमंत्री आवास योजना भाग–01 एवं 02 का ऐतिहासिक रूप से क्रियान्वयन देश व प्रदेश में किया गया है, जिसके अत्यंत सकारात्मक परिणाम प्राप्त हुए हैं, वर्षो से टूटे–फूटे कच्चे मकानों व झोपड़ियों में रहने वाले हमारे भाई–बहनों को इसी योजना की बदौलत पक्के आवासगृहों की सुविधा प्राप्त हो सकी है।

यहॉ उल्लेखनीय है कि भारत सरकार द्वारा प्रधानमंत्री आवास योजना –शहरी 2.0 के साथ अन्य केन्द्र प्रवर्तित योजनाओं के अभिसरण हेतु व्यापक जनजागरूकता के उद्देश्य से 04 सितम्बर 2025 से 31 अक्टूबर 2025 तक '' अंगीकार 2025 '' अभियान का संचालन कराया जा रहा है, जिसका प्रमुख उद्देश्य अधिकतम पात्र लाभार्थियों को इनका लाभ प्रदान किया जा सके। शासन से प्राप्त दिशा निर्देशों के अनुरूप '' अंगीकार 2025 '' अभियान के तहत आज 17 सितम्बर 2025 को पी.एम.ए.वाई.–यू 2.0 के एक वर्ष पूर्ण होने पर

नगर पालिक निगम कोरबा के मुख्य प्रशासनिक भवन साकेत में आवास दिवस का आयोजन किया गया। महापौर श्रीमती संजूदेवी राजपूत ने आयोजन में अपनी गरिमामयी उपस्थिति प्रदान की। इस मौके पर महापौर श्रीमती संजूदेवी राजपूत व आयुक्त श्री आशुतोष पाण्डेय ने उपस्थित ऐसे हितग्राहियों को जिनके आवासगृह बन चुके हैं, उन आवासगृहों की चाबी प्रदान की, इसके साथ ही जिन हितग्राहियों के आवासगृह पूर्णता की ओर है, उन्हें अंतिम किस्त राशि के चेक भी प्रदान किए गए। इसी प्रकार बी.एल.सी.घटक के नये हितग्राहियों को भवन अनुज्ञा पत्र प्रदान किए गए, वहीं ए.एच.पी.घटक अंतर्गत जिन हितग्राहियों को आवासगृहों का आबंटन किया जाना हैं, उन्हें आवास आबंटन सूचना पत्र भी उनके द्वारा प्रदान किए गए। इस अवसर पर महापौर श्रीमती संजूदेवी राजपूत ने कहा कि देश के प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी का आज जन्मदिवस भी है, मैं जन्मदिवस की बधाई व शुभकामनाएं देती हूॅं, उन्होने कहा कि श्री नरेन्द्र मोदी एक ऐसे प्रधानमंत्री हैं, जो समाज के सभी वर्ग के हितों की लगातार चिंता करते हैं, उनके द्वारा समाज के सभी वर्गो के लिए दर्जनों जनकल्याणकारी योजनाएं संचालित कराई गई हैं, इन योजनाओं से देश के करोड़ों लोग लगातार लाभान्वित हो रहे हैं। कार्यक्रम के दौरान महापौर श्रीमती राजपूत ने उपस्थित हितग्राहियों, जनप्रतिनिधियों व अधिकारी कर्मचारियों को स्वच्छता शपथ भी ग्रहण कराई।

**योजनाओं का लाभ पात्र लोगों तक पहुंचाना हमारा प्रथम कर्तव्य** – इस अवसर पर आयुक्त श्री आशुतोष पाण्डेय ने अपने उद्बोधन में कहा कि केन्द्र एवं राज्य सरकार की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ पात्र लोगों तक पहुंचाना एवं धरातलीय स्तर पर इन योजनाओं से लोगों को लाभान्वित करना, हम सबका प्रथम कर्तव्य है तथा सर्वोच्च प्राथमिकता का विषय है। उन्होने कार्यक्रम में उपस्थित हितग्राहियों को बधाई व शुभकामनाएं देते हुए आगे कहा कि '' अंगीकार 2025 '' के अंतर्गत अभियान का मुख्य उद्देश्य योजना के बारे में जागरूकता बढ़ाना, नये हितग्राहियो के आवेदनों को तीव्रता से सत्यापित कराना, पूर्व स्वीकृत आवासों को शीघ्र पूर्ण कराना, पी.एम.सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना का लाभ पी.एम.ए.वाई. के लाभार्थियों तक पहुंचाना आदि के साथ–साथ हितग्राहियों को अन्य सेवाएं व सुविधाएं प्रदान करना हैं, जिसके लिए प्रशासन पूरी इच्छाशक्ति के साथ कार्य कर रहा है। उन्होने हितग्राहियों से आग्रह करते हुए कहा कि वे भी योजना का प्रचार प्रसार करें, अपने पड़ोसियों, परिचितों को योजना का लाभ लेने के लिए आगे आने में अपनी भूमिका निभाएं।

आयोजन के दौरान निगम के मेयर इन काउंसिल सदस्य हितानंद अग्रवाल, अजय गोंड़, सरोज शांडिल्य, अजय कुमार चन्द्रा, अपर आयुक्त विनय मिश्रा, अधीक्षण अभियंता सुरेश बरूआ, स्वास्थ्य अधिकारी डॉ.संजय तिवारी, सहायक अभियंता विवेक रिछारिया, धवल शर्मा, अमन शर्मा, हर्ष छत्रवाणी, अंकुश पाटकर, विकास श्रीवास्तव, पी.एम.सी. टीम के सदस्य एवं पी.एम.ए.वाई.के हितग्राहीगण उपस्थित थे।